## किसानों को अपने हक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है

# उचेहरा में किसानों ने की महापंचायत, विभिन्न समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

सतना।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की किसान महापंचायत कृषि मंडी उचेहरा में सम्पन्न हुई। इस महापंचायत के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव व विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष मल्होत्रा,सम्भागीय अध्यक्ष हरिहर सिंह पटेल रीवा,सुग्रीव सिंह,लोहिया ट्रस्ट की विंग नेत्री शीलू तपसी रही। मुख्यातिथ्य उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि किसानों को अपने हक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है उन्हें स्वयं आगे आना होगा और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेना होगा अलग-अलग गुटों में बंटे रहने से आवाज कमजोर हो जाएगी। उपाध्यक्ष सुभाष मल्होत्रा ने भी किसानों को संगठित होकर ताकत बनाने पर जोर दिया।



जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह (पूर्व सैनिक) ने बिजली विभाग द्वारा किसानों के साथ किए जा दुर्व्यवहार,पावरग्रिड से प्रभावित किसानों के पक्ष में आए हाईकोर्ट के मुआवजा देने के फैसले के बाद भी मुआवजा ना देना,नहर निर्माण के दौरान मुआवजा में बिचौलियों के सम्बन्ध में, कब्जाधारी भूमिहीन कृषकों को पट्टा देने तथा वन भू-अधिक्कार पट्टेदारों को राजस्व रिकार्ड में सम्मिलित करने संबंधित समस्याओं और मांगों को भी उठाया।अन्य किसानों ने फसल के उचित दाम, अधिक बिजली बिल वसूली एवं बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बदसलूकी समस्या जैसे मुद्दे को समाने लाया। इस दौरान क्रान्ति पाल को उंचेहरा महिला ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी ने मंच का सफल संचालन किया।

### समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के समापन के बाद किसानों द्वारा एसडीएम उचेहरा को मुख्यमंत्री के नाम प्रमुख समस्याएं जिनमें नहर निर्माण के दौरान सिंचित भूमि के असिंचित का मुआवजा देने,बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों से बदसलूकी रवैया,हाईकोर्ट के मुआवजा देने के आदेश के बाद भी मुआवजा नहीं देने की समस्याओं के निवारण हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

### यह रहे शामिल

महापंचायत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व सैनिक रावेन्द्र सिंह,ब्लाक अध्यक्ष रामविश्वास सिंह,दलप्रताप सिंह,संत कुमार सिंह,यशवंत सिन्हा,कौशलेंद्र सिंह,रामसजीवन लोधी,ललिता पटेल, रामकुमार कुशवाहा, सुनीता सिंह,मीराबाई चौधरी,रामप्यारी कुशवाहा,इन्द्रकली सिंह,जयवती सिंह, मनीष केशव सिंह,रामलखन सिंह,कोदूलाल कोल,रामाधार सिंगरौल,नत्थीलाल साहू,सूरज सिंह, सादर सिंह,लक्ष्मी साकेत,बिहारीलाल,सकील अहमद,रूपेन्द्र सिंह परिहार,फूलचंद सिंह,एड.दिनेश सिंह,पंचा कोल सहित अन्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में, विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### टीएल बैठक में होगी उर्वरक से संबंधित समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उर्वरक के भण्डारण,वितरण एवं शेष से संबंधित विषयों पर भी समीक्षा की जायेगी।उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित,जिला विपणन अधिकारी म.प्र. राज्य सकारी विपणन संघ मर्यादित,क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. राज्य उद्योग विकास निगम को बैठक में संबंधित जानकारी (पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन) के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### मैहर जिले में अब तक 120 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मैहर।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जून 2025 तक 120 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 122 मि.मी.,मैहर में 93.5 मि.मी. एवं रामनगर में 144.5 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 80.20 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### 1 जुलाई से लिए जायेंगे नाम निर्देशन पत्र

**कटनी।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के निर्वाचन की अधिसूचना के अनुसार कटनी जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच पद के निर्वाचन में संपूर्ण पंचायत एवं पंच पद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें पंचायत उप निर्वाचन के नामनिर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही मंगलवार 1 जुलाई प्रातः 10.30 बजे से मंगलवार 8 जुलाई अपरान्ह 3 बजे तक नियत की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बडखेरा के वार्ड क्रमांक 09 एवं बकलेहटा के वार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम बरेली रामपुर के वार्ड क्रमांक 07 एवं ग्राम पंचायत भमका के वार्ड क्रमांक 03, ग्राम पंचायत कछारगांव बडा वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचात इटौली वार्ड क्रमांक 08, ग्राम पंचायत सैलारपुर वार्ड क्रमांक 06, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कूडो के वार्ड क्रमांक 11, ग्राम पंचातयत खमतरा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के वार्ड क्रमांक 14, ग्राम पंचायत हृदरहटा वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत विलायतखुर्द के वार्ड क्रमांक 01, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 04, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पहरूआ के वार्ड क्रमांक 06, ग्राम पंचायत सलैया कुंआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत घुनौर के सरपंच पद एवं ग्राम पंचायत कारीतलाई के वार्ड क्रमांक 07 हेतु नामनिर्देश प्राप्तम करने की कार्यवाही की जाएगी।

# मैहर पुलिस ने 72 घंटे में सुलझाई अंधी हत्या की गुत्थी, 4 आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** मैहर जिले में हुई एक अंधी हत्या का पुलिस ने मात्र 72 घंटे में खुलासा कर दिया है। इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 25 जून 2025 को सुलखमा गांव के सरपंच ने रामनगर थाना पुलिस को सूचना दी कि ग्राम मन्नी दतौर सुलखमा रोड पर रमना पहाड़ी जंगल में एक अज्ञात पुरुष का सड़ा हुआ शव मिला है। शव की पहचान शिवकुमार पटेल (40 वर्ष,निवासी सिंघवारा,कटनी) के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि शिवकुमार पटेल की मारपीट कर हत्या की गई है।पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी रामनगर,निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान मृतक के परिजनों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर रजनी पाल और राकेश पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछतांछ में आरोपियों ने बताया कि प्रेम प्रसंग के शक में उन्होंने 21 जून 2025 को शिवकुमार पटेल को मन्नी दतौर रमना पहाड़ी जंगल में बुलाया और अपने साथी अमित वर्मन उर्फ अंकुल वर्मन,कृष्ण कुमार दाहिया उर्फ लल्लू तथा रवि के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए शव को जंगल में छिपा दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में रजनी पाल,राकेश पाल, अमित उर्फ अंकुर वर्मन और कृष्ण कुमार दाहिया उर्फ लल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने में निरीक्षक विजय सिंह परस्ते सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# बाढ के बाद की गई मंदाकिनी नदी के घाटों की सफाई





**सतना।** मंदाकिनी नदी चित्रकूट में शनिवार को आई बाढ से क्षेत्र में जल भराव की संभावना के मद्देनजर प्रशासन द्वारा राहत बचाव कार्य एवं सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए है। बाढ़ के बाद भरतघाट,राघव प्रयाग घाट सहित अन्य घाटों में जमे मिट्टी और कचरे को नगर परिषद की टीम द्वारा घाटों की सफाई की जा रही है।चित्रकूट में हुई भारी बारिश से मंदाकिनी नदी में जल स्तर बढ़ गया था। जल स्तर सामान्य होने पर घाटों और सीढ़ी के मलवे की सफाई की जा रही है।

### क्षेत्र भ्रमण कर कलेक्टर एवं एसपी ने लिया

# अतिवृष्टि और बाढ से निपटने की तैयारियों का जायजा





सतना।

कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के साथ रविवार को सतना जिले के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्रों में जलजमाव तथा नदियों के जलस्तर बढ़ने से उत्पन्न स्थिति पर राहत और बचाव तथा व्यवस्थायों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सतना नदी के पुराने रपटे,माधवगढ टमस नदी के पुल तथा सतना नदी के जिगनहट पुल पहुंचकर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति और जल स्तर का जायजा लिया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह भी उपस्थित रहे।इसी प्रकार कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस निर्देशन में उचेहरा तहसीलदार ज्योति पटेल एवं जनपद सीईओ प्रभा टेकाम ने तहसील अंतर्गत पिपरी कला नौपुला के पास बारिश के मौसम में जल भराव वाले चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि यहां पर चारों ओर का पानी इकट्ठा होने के कारण पुल जलमग्न हो जाते है। जिससे दोनों गांव का आवागमन प्रभावित हो जाता है। इस दौरान पंचायत सचिव तरुण मिश्रा,पटवारी रंजीत विश्वकर्मा,पूजा गौतम,सोमचंद सेन उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 158 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जून तक 158 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 325.1 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 94.5 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 136 मि.मी, बिरसिंहपुर में 85.2 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 61 मि.मी.,नागौद में 289.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 47.6 मि.मी. एवं उचेहरा में 225.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 79.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# एकेएस विश्वविद्यालय के खनन विभाग द्वारा शारदा हाईवाल एक्सटेंशन परियोजना का तकनीकी निरीक्षण



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय के खनन विभाग द्वारा शारदा हाईवाल एक्सटेंशन परियोजना का तकनीकी निरीक्षण किया गया। तकनीकी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के खनन विभाग की वरिष्ठ शैक्षणिक टीम ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की प्रतिष्ठित शारदा हाईवाल एक्सटेंशन परियोजना का तकनीकी दौरा किया। यह परियोजना भारत की प्रमुख खदान परियोजनाओं में से एक है,जो सुरक्षा और तकनीकी प्रगति के लिए विशेष रूप से जानी जाती है। निरीक्षण दल का नेतृत्व विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो.जी.के.प्रधान ने किया।उनके साथ खनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बी.के.मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.पी.सी. तिवारी उपस्थित रहे। टीम ने स्थल भ्रमण के दौरान कोयले की गुणवत्ता,सुरक्षा मानकों,तथा खनन में प्रयुक्त नवीनतम तकनीकों का गहन अध्ययन एवं मूल्यांकन किया। विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि हर वर्ष खनन विभाग के छात्र-छात्राएँ इसी परियोजना स्थल पर शैक्षणिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं,जिससे उन्हें प्रायोगिक ज्ञान,सुरक्षा उपायों,एवं औद्योगिक नवाचारों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है। यह तकनीकी भ्रमण शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहभागिता को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस सहयोग के लिए एसईसीएल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के तकनीकी सहयोग की आशा जताई।

### सिपरी सॉफ्टवेयर की माध्यम से किया गया है अमृत सरोवरों का स्थल चयन

# जिले के 18 अमृत सरोवर पहली बारिश में ही पानी से हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में करीब 4 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से 18 अमृत सरोवर निर्माणाधीन है। इनमें से कुछ पूर्ण हो गये हैं और कुछ का कार्य पूर्णता की ओर है। इन अमृत सरोवरों का स्थल चयन वैज्ञानिक पद्धति से सिपरी साफ्टवेयर की मदद से किया गया है। बारिश की बूँदों को सहेजने के लिए बन रहे सभी अमृत सरोवर मानसून की पहली बारिश में ही पानी से लबालब हो गए हैं। इन अमृत सरोवरों के निर्मित होने से जहां आस-पास के भू-जल स्तर में इजाफा होगा। वहीं अमृत सरोवरों से लगी हुई जमीन के किसानों के सैकड़ों एकड़ भूमि भी सिंचित हो सकेगी। इसके अलावा अमृत सरोवर का जल लोगों के रोजमर्रा के निस्तार और वन्य प्राणियों व मवेशियों की प्यास बुझाने में भी उपयोगी साबित होगा।



### बारह महीने रहेगा पानी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में टिकरिया ग्राम में बना 24 लाख रूपये की लागत से बना अमृत सरोवर में पहली बारिश में ही पर्याप्त पानी बह गया है। जिस स्थल चयन कुछ इस प्रकार किया गया है कि टिकरिया गांव से लगे पहाड़ो से बारिश का पानी दो नालों के जरिए हर साल बह जाता था। लेकिन अब व्यर्थ बह जाने वाला पानी अमृत सरोवर में संरक्षित होगा और बारहमासी पानी की उपलब्धता रहेगी।

विकासखंड ढीमरखेड़ा के जनजातीय बाहुल्य ग्राम दादर सिहुड़ी में ग्रामीणों की जनभागीदारी और मानव जीवन विकास समिति के संयोजन से बना तालाब भी पानी से लबालब भर गया है। पर्यावरणविद् एवं समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि समिति द्वारा 85 हजार रूपये की लागत से दादर सिहुड़ी के तालाब का नवीनीकरण किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा ट्रैक्ट्रर का सहयोग मिला। इसके अलावा मेढ़ बंधान के कार्य में 30 ग्रामीणों ने एक सप्ताह तक श्रमदान किया। दादर सिहुड़ी में उपलब्ध यह एक मात्र तालाब है जो गर्मी के दिनों में मवेशियों और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि सिपरी (सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटीफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर) सॉफ्टवेयर एक उन्त तकनीक का सॉफ्टवेयर है, जिसे महात्मा गांधी नरेगा, मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा एमपीएसईडीसी और इसरो के सहयोग से तैयार कराया गया है। इस साफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के लिए उपयुक्त स्थलों की सटीक पहचान कर गुणवत्तापूर्ण संरचनाओं का निर्माण सुनिश्चित करना है। साथ ही यह भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित वैज्ञानिक पद्धतियों से जल सरंचना स्थलों के चयन को अधिक सटीक बनाता है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा परिषद द्वारा एक प्लानर ऐप बनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है मनरेगा के उद्देश्यों एवं प्रावधानों का पालन कराते हुए कार्ययोजना को आसान तरीके से बनाया जाना। ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लिए जाने वाले कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाती है। मध्यप्रदेश इस तरह का नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 1 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला बीते 8 साल पुराना है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद सिंह लोधी ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 फरवरी 2017 को दोपहर करीब 1 बजे एक महिला अपने घर से खेत रही थी। इस दौरान मनोज पिता झुन्नीलाल लोनी (40) खेत की मेढ़ में महिला को बुरी नियत से पकड़ लिया। महिला के चिल्लाने पर वह भाग गया। पीड़िता ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी युवक को धारा 354 के अपराध में एक साल का सश्रम कारावास और दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

### बका लेकर घूमते युवक को पकड़ा

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने बका लेकर घूमते हुए पकड़ा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि मुकेश पिता राजेंद्र मेहरा 26 साल निवासी ग्राम हरदी को धारदार बका के साथ गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश से आरोपी को जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया।

### नगर पंचायत बरही की उपयंत्री अपेक्षा वर्मा निलंबित

**कटनी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कटनी जिले की नगर परिषद बरही में पदस्थ उपयंत्री सुश्री अपेक्षा वर्मा को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने पिछले दिनों जबलपुर में संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की थी।

**खबर संक्षेप**

## देवेंद्रनगर में वैश्य महासम्मेलन की बैठक सम्पन्न



### संगठन विस्तार, सेवा संकल्प और सामाजिक सहभागिता पर लिए गए अहम निर्णय

**देवेंद्रनगर।** मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन, तहसील एवं नगर इकाई देवेंद्रनगर की विशेष बैठक आज दोपहर सत्यम ट्रेडर्स (विनोद गुप्ता निवास) पर सम्पन्न हुई। यह बैठक माननीय मनोज केसरवानी (जिला अध्यक्ष) एवं माननीय रामेश्वर गुप्ता (पूर्व जिला अध्यक्ष) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक स्वर्गीय सुरेश अग्रवाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी जी ने कहा कि "हर तहसील और नगर में संगठन को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए सक्रिय सह भागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता जी ने कहा - वैश्य महासम्मेलन का दायरा अब केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित नहीं, बल्कि हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी सामाजिक नेतृत्व निभाना है। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार रहे - तहसील और नगर क्षेत्र में वैश्य समाज के सदस्यों की अद्यतन गणना की जाएगी। सभी इकाइयों के पदाधिकारियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं पते की सूची तैयार की जाएगी। नवीन सदस्यों का स्वागत कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। महिला और युवा इकाई की भूमिका को मजबूती देने हेतु विशेष कार्यक्रमों की योजना बनेगी। प्रत्येक माह समयबद्ध बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिला महामंत्री विनोद गुप्ता नीतिल जैन, डॉ. प्रमोद जैन (तहसील अध्यक्ष), पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, वर्तमान जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी, नगर अध्यक्ष अर्जुन दास अग्रवाल, महिला नगर अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी गुप्ता, महिला तहसील अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन, वरिष्ठ सदस्य श्यामलाल गुप्ता, संरक्षक निर्मल चंद जैन, शैलेष अग्रवाल, युवा नगर अध्यक्ष ललित गुप्ता, अक्षय जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण। सभी ने संगठन को एकजुट व सक्रिय बनाते हुए सेवा और सहयोग के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## 33 केवी लाइन में फॉल्ट से 41 गांवों में 16 घंटे बिजली रही बंद

**बनवार।** शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात करीब 7 बजे हल्की वारिश का दौर शुरू हुआ था इससे कुलुआ के बीच 33 केवी लाइन में फॉल्ट आ गया। फॉल्ट के कारण बनवार विद्युत स्टेशन से जुड़े 41 गांवों में अंधेरा छा गया। शनिवार की दोपहर बिजली कंपनी के कर्मचारियों की मशक्कत के बाद फॉल्ट सुधारा और 12 बजे बिजली आई। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीण भीषण गर्मी व उमस से बेहाल होते नजर आए। 33 केवी लाइन में फॉल्ट होने से रोड़ बनवार क्षेत्र के स्टेशन से जुड़े गांवों में ब्लेक आउट हो गया। हल्की बारिश के साथ ही बिजली गुल होने की समस्या के कारण विद्युत स्टेशन से जुड़े 41 गांवों में ग्रामीणों का हाल बेहाल हो गया। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया 33 केवी लाइन में फॉल्ट आया। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने मेंटेनेंस में करीब 16 घंटे बीतने के बाद दूसरे दिन शनिवार के करीब 12 बजे ठीक कर पाए ग्रामीणों का कहना है शुक्रवार को करीब 16 घंटे के बाद शनिवार की दोपहर में बिजली आई। लंबी लाइन नजर आई।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पर की सख्त कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से 1 अवैध देशी कट्टा एवं 1 जिंदा कारतूस किया गया जप्त

अमानगंज।

पन्ना पुलिस द्वारा अवैध 01 देशी कट्टा 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस रखने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना अमानगंज क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो/वीडियो वायरल करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध हथियारों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों व्यक्तियो के साथ-साथ सोशल मीडिया मे अवैध हथियारों के साथ फोटो/वीडियों वायरल करने वालो पर सतत निगरानी रख वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं 'सोशल मीडिया मे अवैध हथियारों के साथ फोटो/वीडियो वायरल करने वालो पर सतत निगरानी रखी गई। जिसके फलस्वरूप मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 'जीतेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजा राजपूत निवासी ककरहटा हाल मझगंवा' जो की अपने पास अवैध हथियार लिये सिमरिया तिराहा मे संदिग्ध अवस्था मे खड़ा है। जो आये दिन सोशल मीडिया मे अवैध हथियार के साथ फोटो/वीडियो वायरल करता है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो कमर मे लोवर के नीचे एक 315 बोर का अवैध देशी कट्टा एवं जेब 01 जिंदा कारतूश लिये पाया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 देशी कट्टा सहित 01 जिंदा कारतूस जप्त कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



**सोशल मीडिया निगरानी और निर्देश**

पन्ना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो या वीडियो पोस्ट करने वालों पर सतत नजर रखी जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कड़ी कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## घर में घुसी विशाल गौह का किया रेस्क्यू तब ली परिवार वालों ने राहत की सांस



**पन्ना।** नगर के धाम मोहल्ला स्थित आकाश कुशवाहा के घर में उसे समय हड़कंप मच गया जब उसके आंगन के बाथरूम में एक विशाल गौह को बैठा हुआ देखा। परिजन घबराकर घर के बाहर निकल आए और मोहल्ले वालों को बताया पर किसी की गौह को भगाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। तब रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा को इंद्रपुरी कॉलोनी से फोन लगाकर बुलाया गया। नंदू कुशवाहा ने आते ही बाथरूम में से गौह को पकड़ लिया। तब कहीं जाकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली। गौह काफी बड़ी थी जो लगभग 2 फुट से भी बड़ी लग रही थी जिसको देखते ही लोगों को भय महसूस हो रहा था। लेकिन रेस्क्यू करने वाले नंदू ने उसे पलक से झपकते ही हाथ से पकड़ लिया और बाद में जंगल ले जाकर उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस वर्ष दर्जनों जहरीले सांप एवं गुहेरी, गौह का किया रेस्क्यू जहरीले जीव जंतु सांप आदि का रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक दर्जनों जहरीले सर्प और अन्य खतरनाक जीवो का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है। नंदू ने बताया कि किसी का भी किसी भी समय फोन आता है तो हम तुरंत रेस्क्यू करने पहुंच जाते हैं। मोबाइल नंबर 88781 51153 है।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्यवाही, दो आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 7 पेटी अवैध शराब (62 लीटर) जप्त, अनुमानित कीमत करीब 24,000

पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस. थोटा द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली पन्ना प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तंत्र के माध्यम से दिनांक 28/06/2025 की देर रात सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड स्थित चोपड़ा तिराहे के पास दो व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़े हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी पन्ना श्री एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली स्तर पर एक पुलिस टीम गठित की गई। 'टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर दो संदिग्ध व्यक्तियों को अवैध शराब के कार्टूनों के साथ खड़े देखा गया, जो पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इस प्रकार बताए। 01. अंगद जोशी', पिता रमेश जोशी, उम्र 34 वर्ष, निवासी गौर का चोपड़ा, पोस्ट ऑफिस के पीछे, थाना कोतवाली पन्ना। 2. नरेंद्र सोनी', पिता नत्थू लाल सोनी, उम्र 33 वर्ष, निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी, जिला पन्ना। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 07 कार्टून अवैध शराब (जिसमें 04 पेटी लाल मसाला ब्रांड एवं 03 पेटी मस्ती ब्रांड की देशी शराब शामिल है) बरामद की गई, प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर, कुल मात्रा 62 लीटर, अनुमानित कीमत 24,000/- पाई गई। जब उनसे शराब रखने एवं बेचने का कोई वैध दस्तावेज मांगा गया तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली पन्ना में विधिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति प्रकाश, सउनि मानसिंह पांडे, प्रधान आरक्षक आइमात सेन, ब्रशकेतु रावत, संदीप तिवारी, अशोक सिंह, आरक्षक अभिषेक यादव, संदीप पटेल, राहुल सिंह, सत्यनारायण अग्निहोत्री, घनश्याम, शैलेंद्र, चंद्रपाल एवं महिला आरक्षक द्रोपती पटेल का सराहनीय योगदान रहा। यदि आपको अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन या विक्रय की कोई सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।ष' पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्यवाही, दो आरोपी गिरफ्तार।

# सलेहा थाना क्षेत्र में अवैध शस्त्र रखने वाले 1 व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा 315 बोर एवं जिन्दा कारतूस किये गये जप्त



**पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा अवैध 01 देशी कट्टा 315 बोर एवं 01 जिन्दा कारतूस रखने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध अस्त्र-शस्त्र के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सतत निगरानी रखते हुए वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। फलस्वरूप दिनांक 28/06/2025 को थाना प्रभारी सलेहा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गलको नदी पुल के पास कल्दा सलेहा रोड में एक व्यक्ति अवैध हथियार कट्टा लिये हुए है। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर कमर में बायें तरफ कमर में लोवर के नीचे एक देशी कट्टा 315 बोर एवं जेब में एक जिन्दा कारतूस रखे होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त कट्टा को जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना सलेहा में आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस जप्त किए गए हैं। **गिरफ्तार आरोपी** - रामदीन पिता स्व. श्री सहाईया वर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम दतुनहा थाना जसो जिला सतना (म.प्र.) उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप.निरी. बलवीर सिंह एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मानसून व बारिस के चलते बृहस्पति कुण्ड के झरने में तीन युवकों की बहने की खबर चर्चा में, पुलिस खोजने को लेकर एसडीआरएफ की टीम के साथ जुटी

बारिस के चलते पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बृहस्पिति कुण्ड थाना बृजपुर अंतर्गत जहां गेट में पुलिस के द्वारा ताला भी लगाया गया था पर ताला तोड़कर तथा इधर-उधर के रास्ते से झरने का लुप्त उठाने के लिये लोग पहुंचते है तथा झरने में कहीं न कहीं खतरे को भी नहीं भांपते इस तरह की दास्तां आज जहां तीन लोगों के बहने की खबर चर्चा में है जिनके नाम त्वरित चौधरी उम्र 18 से 22 वर्ष के लगभग जिला सतना, कृष्णा शर्मा की उम्र भी लगभग 18 से 22 वर्ष के लगभग बताई जा रही है तो सतना के ही निवासी है वहीं अभिषेक वर्मन तीसरे युवक की उम्र भी लगभग इन्हीं दोनों युवकों के बराबर है जो पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर का निवासी बताया गया। तीनों के बहने की खबर दोपहर 2:30 बजे की बताई जा रही है जहां पुलिस व एसडीआरएफ की टीम तीनों युवकों की तलाश अब बृहस्पिति कुण्ड के पानी में खोज पड़ताल को लेकर जुटी।

पन्ना।

पन्ना जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बृहस्पिति कुण्ड जहां वर्तमान समय में पर्यटन की दृष्टिकोण से ग्लास बृज बनवाया जा रहा है वहीं मानसून व बारिस के समय यह झरना पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र होता है। इस समय





बारिस के दौरान झरने का आनंद लेने के लिये लोग पहुंचते है सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा क्या प्रयास किये गये है यह सवाल तो माना ही जाता है वहीं आज दोपहर की घटना जो शोशल मीडिया में चर्चा का विषय बनी जहां तीन युवक जिनकी उम्र लगभग 18 से 22 वर्ष बताई गई है जो बृहस्पिति कुण्ड घूमने गये थे जो तीनों पानी में बहने की खबर को लेकर चर्चा में है। जहां बृजपुर पुलिस थाना प्रभारी से मोबाइल पर जानकारी जो ली गई उससे स्पष्ट हुआ जिसमें दो युवक सतना जिले के निवासी है जिनका नाम त्वरित चौधरी व कृष्णा शर्मा बताया जा रहा है तीसरे युवक का नाम अभिषेक वर्मन जो पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर कस्बे के निवासी है। तीनों युवकों की उम्र 18 से 22 वर्ष के लगभग बताई जा रही है। गौरतलब बात यह है कि तीनों युवकों के बहने की खबर से जहां प्रशासन जहां हरकत में आया जिनकी खोज पड़ताल को लेकर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम सामुहिक रूप से प्रयासरत है फिलहाल समाचार लिखे जाने तक किसी भी तरह तीनों युवकों की मिलने की खबर नहीं हो सकी। वहीं अभी भी इनकी खोज जारी है। साथ ही बात करें तो पर्यटक स्थल बृहस्पिति कुण्ड में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के बताये अनुसार जो ताला लगाया गया था गेट में वह भी किसी के द्वारा तोड़ दिया गया वहीं लोग झरने का आनंद लेने के लिये इधर-उधर से स्वयं पहुंचते है आखिरकार सुरक्षा के मापदण्डों को दरकिनार करके जहां मानसून व बारिस के समय आनंद लेने के लिये जो झरने में पहुंचकर खतरे से खिलवाड़ करते है शायद ऐसी ही दास्तां यहां जो घटित हुई है यह मानी जा रही है। फिलहाल तीनों युवकों की खोज पड़ताल को लेकर पुलिस टीम तथा एसडीएआरएफ की टीम प्रयास में जुटी बताई जा रही है। वहीं परिजनों को भी पुलिस के द्वारा सूचित किये जाने की पुष्टि की गई है। वहीं इस घटना को लेकर एसडीएम पन्ना संजय कुमार नागवंशी से बात की गई आखिर बृहस्पित कुण्ड झरने में सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा क्या तय किया गया तो आपने बताया कि सुरक्षा को लेकर जहां खतरे के हालात है उस प्वांट तक जाने को लकर रोका जाता है। अलग से कोई सिक्योरटी नहीं तैनात की गई।

## भारतीय किसान संघ का तहसील स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न अगस्त माह में सीमेंट फैक्ट्री को लेकर होगा विशाल आंदोलन



**अमानगंज।** भारतीय किसान संघ महाकोसल प्रान्त जिला पन्ना की अमानगंज तहसील का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। किसान संघ की अखिल भारतीय बैठक में तय हुआ था कि भारत के हर प्रान्त, जिला, तहसील में किसान संघ के वर्ग लगेंगे और ग्राम समिति, जिला पदाधिकारी प्रान्त या विभाग के लोगों की उपस्थिति में वर्ग सम्पन्न होंगे। इसी तारतम्य में अमानगंज तहसील का तहसील स्तरीय वर्ग सम्पन्न हुआ। वर्ग में किसान संघ की रीती नीति, किसान संघ का कार्य बिस्तार, आगामी किसान संघ के कार्य बिस्तार की योजना, स्थानीय मुद्दे पर चर्चा जैसे महेबा सीमेंट फैक्ट्री, 16 गाँव की बैठक योजना बनाना फिर किसान संघ के सहयोग से बड़ा आंदोलन अगस्त माह में होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दामोदर पटेल प्रान्त बीज प्रमुख, चंद्र भान जी संभागीय उपाध्यक्ष, प्रान्त प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल जिला, राम कृपाल पटेल जिला अध्यक्ष, लोकेन्द्र बुन्देला जिला मंत्री, मुकेश पाठक, रामसिंह राजपूत, निरपत सिंह राजपूत जिला उपध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, परसोत्तम पटेल, राजदीप यादव, संतुकुमार व मनीष पटेल महेबा, अरबिंद पचौरी बरिष्ठ किसान, कल्याण सिंह राजपूत व लगभग 30गाँव के किसान उपस्थिति हुए।

## भाजपा मंडल अमानगंज में हर बूथ पर सुनी गई मन की बात

### बड़े हनुमान मंदिर में एक पेड माँ के नाम हुआ वृक्षारोपण



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला संगठन के दिशा निर्देशन में गत माह की भांति इस माह आज 29 जून को पन्ना जिले के अमानगंज भाजपा मंडल में हर बूथ पर मन की बात पार्टी कार्यकर्ता द्वारा पूरे उत्साह के साथ सुनी गई नगर के वार्ड क्रमांक आट मे भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी गई भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश जी चतुर्वेदी द्वारा वार्ड क्रमांक 1 पोलिंग बूथ 25 पर मंडल उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी के निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी गई इसी तरह क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश जी वर्मा द्वारा रिछोडा ग्राममे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी गई इसी तरह नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक विशाल सिंह भदोरिया प्रदीप अवस्थी रनमत सिंह ने सहित विभिन्न पार्टी पदाधिकारीयो ने अपने-अपने स्थानो पर मन की बात सुनी गई।

**एक पेड़ मां के नाम नगर में हुआ वृक्षारोपण-** इस मोके पर दूसरे चरण में भाजपा मंडल अमानगंज केस्थानीय और क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के बड़े हनुमान मंदिर में एक पेड़ मां के नाम आयोजन पर सैकड़ो पेड़ों का रोपण किया गया इस मोके पर डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण से जुड़ी महत्वपूर्ण विचार पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच रखे आयोजन में मुख्य रूप से नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक पार्षद मुकेश चौबे , उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी अरविंद दुबे आनंद सिंह राजपूत विशाल सिंह भदोरिया सुदामा पटेल लखन तिवारी विक्की अग्रवाल घमंडी चौधरी घनश्याम पांडे ए कमल जैन सरपंच विजय सोनी दिलीप यादव समस्त पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई केवाईसी न होने से गरीब तथा वृद्ध परेशान, नहीं मिल रहा खाद्यान्न पेंशन की राशि भी नहीं हो रही नसीब

पन्ना।

सरकार द्वारा आधार कार्ड तथा ई केवाईसी अनिवार्य करने के चलते लाखों गरीबों का खाद्यान्न बंद हो गया है तथा वृद्धो की पेंशन एवं अन्य योजनाओं से मिलने वाली राशि अटकी हुई है जिससे वृद्ध एवं गरीब भारी परेशान है बैंकों तथा राशन दुकानों के चक्कर लगाकर वह परेशान हो रहे हैं कई महीनो से वृद्धो को पेंशन नसीब नहीं हो रही है वृद्धो के अंगूठे के निशान आधार कार्ड में अपडेट नहीं हो रहे हैं जिससे उन्हें पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है सरकार को इसके लिए कोई अन्य विकल्प चुनना चाहिए लेकिन सरकार द्वारा अभी तक इस दशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है इससे बेचारे वृद्धि एवं गरीब लोग भारी परेशान हैं सरकार द्वारा घर-घर जाकर गरीब तथा वृद्ध की ई केवाईसी करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे लेकिन कर्मचारियों ने सिर्फ औपचारिकता पूरी करके अपना पल्ला झाड़ लिया है बेचारे गरीब एवं वृद्ध बैंकों एवं आधार केंद्रों के चक्कर लगाते हुए दर दर की ठोकरे खाते भटक रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मासूम बच्ची की जहरीले कीड़े के काटने से मौत

**छतरपुर।** जिले के एक गांव में एक 5 वर्षीय बच्ची की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन चार दिन के इलाज के बाद उसकी जान नहीं बच सकी। बताया गया है कि मातगुवां थाना क्षेत्र के ब्यारदा पुरवा निवासी 5 वर्षीय ऋषिता पुत्री दीनदयाल कुशवाहा, 25 जून की सुबह अपनी दादी कुइया बाई के साथ सो रही थी, तभी उसे अचानक उल्टियां शुरू हुईं। परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को किसी जहरीले कीड़े ने काटा है और उसके शरीर में जहर फैल गया है। करीब चार दिन तक गहन इलाज के बाद शनिवार रात को ऋषिता की मौत हो गई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमॉर्टम किया गया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बची घायल की जान

**छतरपुर।** बीती रात महाराजपुर रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और डायल-112/100 आकस्मिक सेवा की सजगता से घायल व्यक्ति को तुरंत प्राथमिक सहायता दी गई और जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से मिलते ही थाना गढ़ी मलहरा की डायल-112/100 टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति के शरीर से तेज रक्तस्राव हो रहा था और उसकी हालत नाजुक थी। थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, आरक्षक श्रीराम, और डायल-100 पायलट ग्यासी लाल कुशवाहा ने बिना समय गंवाए घायल को प्राथमिक सहायता प्रदान की और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। छतरपुर पुलिस की डायल-112/100 सेवा आमजन को संकट के समय त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है।

### विद्यालय परिसर हुआ जलमग्न, सरपंच उप यंत्री की लापरवाही आई सामने

**पन्ना।** जिले की पवई जनपद पंचायत अंतर्गत  अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मेन गेट पर पंचायत द्वारा स्कूल की बाउंड्री के  बगल में नाली ना बनाए जाने के कारण विद्यालय परिसर तालाब की तरह भर गया है तथा पूरा परिसर जलमग्न हो गया है जिससे छात्र छात्राओं का स्कूल पहुंचना संभव नहीं है यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई है क्योंकि सरपंच तथा उपयंत्री ने  नाली का निर्माण सही ढंग से नहीं किया है  अभी तो केवल बारिश के मौसम की शुरुआत हुई है अभी तो। पूरा सीजन रखा हुआ है  नाली का निर्माण पश्चिम दिशा की ओर होना था उस नाली को पूर्व की ओर बना दिया जिस नाली को नहीं बनना था।

## भारी बारिश की चेतावनी, किसानों को राहत, खरीफ फसलों के लिए अनुकूल मौसम

# मानसून का जोर, रविवार तक दर्ज हुई 48.6 मिमी बारिश




जिले में मानसून ने पूरे जोर पकड़ लिया है। शुक्रवार शाम से शुरू हुई बारिश रविवार तक जारी रही। रविवार तक जिले में 48.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी और किसानों के लिए खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद जगाई।

छतरपुर।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार सुबह मौसम साफ रहा और धूप निकली, लेकिन वातावरण में 85 प्रतिशत आद्रता और उमस के कारण हल्की गर्मी महसूस हुई। हवा की गति 8 किमी प्रति घंटा रही, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने दिन में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। क्षेत्रवार वर्षा के आंकड़ों में छतरपुर में 25.4 मिमी, नौगांव में 16 मिमी, बिजावर में 4 मिमी, राजनगर में 1.2 मिमी और गौरिहार में 2 मिमी बारिश हुई, जबकि लवकुशनगर, बड़ामलहरा और बक्सवाहा में कोई वर्षा नहीं दर्ज की गई। 1 जून से 27 जून तक जिले में कुल 1810.2 मिमी बारिश हो चुकी है, जिसमें जून माह में 1074.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह पिछले वर्ष के 28 जून को दर्ज 57 मिमी की तुलना में काफी अधिक है। इस बारिश से किसानों को खरीफ फसलों के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिली हैं, और यदि यह क्रम जारी रहा तो अच्छी पैदावार की संभावना है।

### धसान नदी में छोड़ा गया 45,600 क्यूसेक पानी, लहचूरा बांध के 6 फाटक खोले

हरपालपुर के करीब मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश सीमा पर स्थित लहचूरा बांध में शनिवार सुबह जोरदार बारिश के कारण जलस्तर अचानक बढ़ गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग ने बांध के छह फाटकों को खोलकर 45,600 क्यूसेक पानी धसान नदी में छोड़ा, जिससे जलस्तर सामान्य हुआ। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में लगातार हो रही बारिश के कारण धसान नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे लहचूरा बांध में पानी की आवक बढ़ी। बांध की अधिकतम भंडारण क्षमता 182.30 मीटर है, लेकिन पिछले 24 घंटों में 22 मिमी बारिश दर्ज होने से जलस्तर इस क्षमता से अधिक हो गया। सिंचाई विभाग के कर्मचारी हर दो घंटे में जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं और इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बांध के छह फाटकों को पांच फीट ऊंचाई तक खोलकर 45,600 क्यूसेक पानी धसान नदी में डिस्चार्ज किया गया। लहचूरा बांध के अवर अभियंता रामआसरे यादव ने बताया कि अतिरिक्त पानी को सुरक्षित रूप से निकाला जा रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है।




## आपके कार्य से उभय समृद्धि और व्यवहार से उभय सुख बढ़े, यही मानव मूल्यः लखन लाल असाटी



छतरपुर।

आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर लखन लाल असाटी ने कहा कि सभी मानव का जीवन का एकमात्र परम लक्ष्य सुख और समृद्धि के साथ उसकी निरंतरता में जीना है। सुखपूर्वक जीने के लिए जरूरी है कि मानव में सुविधा और संबंध की सही समझ बने, उसके व्यवहार से उभय सुख और कार्य से उभय समृद्धि की स्थापना हो। मानव में अंतर-विरोध व अंतद्र्वंद का समाप्त होना, संगीत और व्यवस्था में जीना ही सच्चा सुख है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा खजुराहो में आयोजित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण प्रोजेक्ट कार्यशाला को संबोधित करते हुए लखन लाल असाटी ने कहा कि प्रत्येक मानव दूसरे मानव के साथ व्यवहार में जो भी करता है, यदि उसका आधार मानवीय मूल्य हो, तो उभय सुख अर्थात स्वयं के साथ-साथ सामने वाला भी सुखी होना सुनिश्चित किया जा सकता है। इसी तरह, शेष प्रकृति के साथ मानव जो भी कार्य संपादित करता है, उसे इस तरह करना चाहिए कि उसकी समृद्धि के साथ-साथ प्रकृति भी समृद्ध हो, यही उभय समृद्धि है। लखन लाल असाटी ने आगे कहा कि मानव के कार्य और व्यवहार से उभय समृद्धि और उभय सुख सुनिश्चित हो जाने पर परिवार में सुख, समाज में विश्वास और प्रकृति में समृद्धि बढन्ना निश्चित है। मानव के अंदर इच्छा, विचार, आशा के रूप में जो भी कल्पनाशीलता चलती है, वही बाद में कार्य और व्यवहार के रूप में बाहर प्रकट होती है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने विचारों को चलाते समय उसके पीछे के भाव और संस्कारों को देख पाएँ। यदि हमारी कल्पनाशीलता सहज स्वीकृति पर चलती है, तब सब कुछ ठीक होता है, और यही आनंद प्राप्ति का उपाय भी है।

## दद्दाजी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर की योग और सांस्कृतिक कार्यशाला का हुआ समापन

खजुराहो।

फ्रांस में भारतीय दूतावास के सहयोग से दद्दाजी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर द्वारा 21 जून, विश्व योग दिवस से शुरू हुआ नौ दिवसीय योग और सांस्कृतिक कार्यशाला रेम्ड सीस गार्डन, टूलूज़ में शनिवार को संपन्न हुआ। इस आयोजन में योग, आयुर्वेद, और भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया गया, जिसमें विविध देशों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



कार्यशाला में योग और आयुर्वेद विशेषज्ञ पंडित सुधीर शर्मा और सेंटर के प्रमुख सुरेंद्र गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, भारतीय नृत्य, और संगीत जैसे सांस्कृतिक आयोजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। इसकी खास विशेषता थी अल्जीरिया, मोरक्को, ट्यूनीशिया, और इराक से आई मुस्लिम महिलाओं की योग और ध्यान सत्रों में भागीदारी। प्रोफेसर कैफी और सहज योग गुरुमाता गौरी ने योग और ध्यान सत्रों का संचालन किया, जबकि स्वाति गुप्ता ने भारतीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने भारतीय व्यंजनों का भी आनंद लिया। आयोजन में हरे राम हरे कृष्ण, ब्रह्मकुमारी, बनी ठनी एसोसिएशन, और ओशो प्रेमी शामिल रहे। अगला महत्वपूर्ण आयोजन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इटली, फ्रांस और बेल्जियम में होगा।



## छतरपुर पुलिस ने चलाया शस्त्र लाइसेंस जांच अभियान

### लाइसेंस, शस्त्र और कारतूसों की वैधता पर नजर

**छतरपुर।** पुलिस ने जिले में शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस, शस्त्र और कारतूसों की व्यापक जांच की, ताकि उनके दुरुपयोग को रोका जा सके। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन को रोकना था।<पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने लाइसेंस की वैधता, शस्त्रों की स्थिति, रखरखाव और कारतूसों के उपयोग की जांच की। लाइसेंसधारियों द्वारा खरीदे गए और खर्च किए गए कारतूसों का हिसाब लिया गया, और सभी जानकारियां विधिवत दर्ज की गईं। लाइसेंसधारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि शस्त्र केवल स्व-उपयोग के लिए है, इसे दूसरों को नहीं देना है। सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी शस्त्र के साथ फोटो-वीडियो डालना कानूनन अपराध है। साथ ही, कारतूसों के दुरुपयोग पर भी रोक लगाने को कहा गया, क्योंकि यह शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन है और सार्वजनिक शांति को भंग कर सकता है। छतरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो और शस्त्रों का गलत उपयोग रोका जा सके।

## कोर्ट मुंशी व थाना चालानी मुंशियों को दिया गया प्रशिक्षण

# ई-समन, वारंट की समयबद्ध तामील के लिए तकनीकी मार्गदर्शन

छतरपुर।

रविवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में कोर्ट मुंशी और थानों के चालानी मुंशियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लंबित अपराधों का शीघ्र निराकरण करना और ई-समन तथा वारंट की समय पर तामील सुनिश्चित करना था। प्रतिभागियों को डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में संधारित रजिस्टरों और उनके कार्यों की समीक्षा की गई। प्रतिभागियों को अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) और अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के जरिए ई-समन, ई-वारंट और अन्य न्यायिक प्रक्रियाओं की तकनीकी जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। डिजिटल माध्यमों से न्यायालयीन कार्यवाहियों को गति देने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता ने उपस्थित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रवेश अहिरवार, अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी श्री के. के. गौतम, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, और सीसीटीएनएस प्रभारी उप निरीक्षक ओम शंकर सिंह ने सभी कोर्ट मुंशियों और थाना चालानी मुंशियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया। इस प्रशिक्षण का लक्ष्य थानों और न्यायालयों के बीच समन्वय स्थापित कर लंबित अपराधों का शीघ्र निराकरण और न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाना है।



## बरसात में सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस की अनूठी पहल

## वाहनों और पशुओं पर रेडियम लगाकर दुर्घटनाओं पर लगाम

छतरपुर।

बरसात के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सड़कों पर घूमने वाले बेजुबान पशुओं के सींग, गले और पैरों पर रेडियम पट्टियाँ लगाई जा रही हैं ताकि रात के समय या कम रोशनी में उनकी दृश्यता बढ़े। साथ ही, वाहनों पर भी रेडियम लगाकर चालकों को सतर्क किया जा रहा है।

छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। थाना बड़ा मलहरा प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला और उनकी टीम ने सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, घुवारा रोड सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर घूमने वाले पशुओं को चिह्नित कर उनके सींग, गले और पैरों पर रेडियम पट्टियाँ और विशेष रेडियम फीते बांधे। वाहनों पर भी रेडियम लगाने का कार्य किया गया। इस दौरान एक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल मवेशी को पुलिस ने जन सहयोग से पशु चिकित्सालय पहुंचाया। यह अभियान निरंतर जारी है ताकि सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।



## एएसपी ने किया पुलिस लाइन के दिशा लर्निंग सेंटर का निरीक्षण

### छात्रों से किया संवाद, सेमिनार में दी पढ़ाई की टिप्स



**छतरपुर।** पुलिस लाइन परिसर में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर का रविवार को एएसपी विदिता डागर ने निरीक्षण किया। यह केंद्र पुलिस परिवार के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया है। निरीक्षण के बाद एक सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर चर्चा की गई, साथ ही उन्हें अध्ययन के तरीके और सफलता के टिप्स दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी, पाठ्य पुस्तकें, कंप्यूटर प्रणाली, वातानुकूलन व्यवस्था, पेयजल सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर और अन्य संसाधनों का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सेमिनार में उन्होंने लर्निंग सेंटर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने पाठ्यक्रम, अध्ययन की स्थिति और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी ली। सुश्री विदिता डागर ने छात्रों को पढ़ाई के प्रभावी तरीके, परीक्षा में सफलता के लिए टिप्स साझा किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने अध्ययन के लिए आवश्यक अतिरिक्त सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

**खबर संक्षेप**

## छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी
महिला के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 1 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला बीते 8 साल पुराना है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद सिंह लोधी ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 फरवरी 2017 को दोपहर करीब 1 बजे एक महिला अपने घर से खेत रही थी। इस दौरान मनोज पिता झुन्नीलाल लोनी (40) खेत की मेढ़ में महिला को बुरी नियत से पकड़ लिया। महिला के चिल्लाने पर वह भाग गया। पीड़िता ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी युवक को धारा 354 के अपराध में एक साल का सश्रम कारावास और दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## बका लेकर घूमते युवक को पकड़ा

**कटनी**। उमरियापान पुलिस ने बका लेकर घूमते हुए पकड़ा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि मुकेश पिता राजेंद्र मेहरा 26 साल निवासी ग्राम हरदी को धारदार बका के साथ गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश से आरोपी को जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया।

## 1 जुलाई से लिए जायेंगे नाम निर्देशन पत्र

**कटनी**। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के निर्वाचन की अधिसूचना के अनुसार कटनी जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच पद के निर्वाचन में संपूर्ण पंचायत एवं पंच पद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें पंचायत उप निर्वाचन के नामनिर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही मंगलवार 1 जुलाई प्रातः 10.30 बजे से मंगलवार 8 जुलाई अपरान्ह 3 बजे तक नियत की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बडखेरा के वार्ड क्रमांक 09 एवं बकलेहटा के वार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम बरेली रामपुर के वार्ड क्रमांक 07 एवं ग्राम पंचायत भमका के वार्ड क्रमांक 03, ग्राम पंचायत कछारगांव बडा वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचात इटौली वार्ड क्रमांक 08, ग्राम पंचायत सैलारपुर वार्ड क्रमांक 06, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कूडो के वार्ड क्रमांक 11, ग्राम पंचातयत खमतरा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के वार्ड क्रमांक 14, ग्राम पंचायत हृदरहटा वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत विलायतखुर्द के वार्ड क्रमांक 01, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 04, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पहरूआ के वार्ड क्रमांक 06, ग्राम पंचायत सलैया कुंआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत घुनौर के सरपंच पद एवं ग्राम पंचायत कारीतलाई के वार्ड क्रमांक 07 हेतु नामनिर्देश प्राप्तम करने की कार्यवाही की जाएगी।

## नगर पंचायत बरही की उपयंत्री अपेक्षा निलंबित

**कटनी**। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कटनी जिले की नगर परिषद बरही में पदस्थ उपयंत्री सुश्री अपेक्षा वर्मा को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने पिछले दिनों जबलपुर में संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक के दौरान उपयंत्री सुश्री वर्मा के क्षेत्र में निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने के प्रकरण सामने आये थे। जाँच के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने उनके निलंबन संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबन अवधि में सुश्री वर्मा का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय जबलपुर रहेगा।

# मन की बात देश की आत्मा से जुड़ाव का माध्यम, प्रेरणा, दिशा और विश्वास का स्रोत : डिप्टी सीएम रीवा में प्रधानमंत्री की मन की बात का किया श्रवण

रीवा

**उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि 'मन की बात' सिर्फ संवाद नहीं, यह देश की आत्मा से जुड़ाव का माध्यम है प्रेरणा, दिशा और विश्वास का स्रोत है। प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक होता है। 'मन की बात' की 123वीं कड़ी ने जन-मन में नई ऊर्जा का संचार किया है।**



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धियों, योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों के साथ-साथ आपातकाल की विभीषिका को भी याद किया। आपातकाल का दौर लोकतंत्र के लिए एक काली रात था, जिसे देशवासियों ने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से समाप्त किया। यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना की अमिट मिसाल है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के बूथ क्रमांक 111 स्थित निवास में प्रधानमंत्री श्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की बेटी बालाघाट की सुश्री सुमा उइके, जिन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मशरूम उत्पादन, पशुपालन और 'दीदी कैंटीन' जैसे उद्यमों से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की। सुश्री सुमा उइके का उल्लेख प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। साथ ही यह अन्य महिलाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत का 'ट्रेकोमा मुक्त' घोषित होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत का परिणाम है। यह 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'जल जीवन मिशन' की सामूहिक सफलता का भी परिचायक है। यह जनसहभागिता आधारित स्वास्थ्य सुधार मॉडल का उत्कृष्ट उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'फिटनेस के लिए 10 प्रतिशत तेल कम' जैसे छोटे लेकिन प्रभावशाली सुझाव हर घर को स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जाने का सरल मंत्र हैं। फिटनेस और वेलबीइंग के लिए यह सतर्कता, न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे राष्ट्र को सशक्त बनाती है। 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' की भावना को वैश्विक मंच पर जिस गरिमा से प्रस्तुत किया गया, वह भारत की प्राचीन जीवन पद्धति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। 10 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विस्तार, लाखों लोगों की सहभागिता और विशाखापत्तनम से हिमालय तक की प्रेरक झलकियाँ, भारत की 'जनभागीदारी से जनस्वास्थ्य' की दिशा में अद्वितीय यात्रा को दर्शाती हैं।

## सर्पदंश से घबराएं नहीं एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की सलाह




**रीवा** । वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है। इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ति की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ति को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ति में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ति का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ति के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएं, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें। ठंडे, अंधेरे और नम स्थानों में साँप छिपते हैं, ऐसे स्थानों में जाने से बचें। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत

कमरे में मिला शव, हत्या या हादसा जांच में जुटी पुलिस, मनगवां थाना क्षेत्र के सथनी गांव की घटना



**रीवा**। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सथनी गांव में शनिवार की सुबह एक महिला की हत्या का गंभीर मामला सामने आया है, बता दे कमरे के अंदर में बिस्तर में महिला का शव मिला है। सुबह घटना की सूचना के बाद मनगवां पुलिस पहुंची जिसके बाद एएसपी विवेक लाल ने मौके का निरीक्षण किया है। एफएसएल टीम के वैज्ञानिकों ने घटना स्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए हे। पुलिस घटना के विभिन्न पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है। परिवार जनों की माने तो चोरी के इरादे से घुसे आरोपियों ने बीती रात वारदात को अंजाम दिया है। मृतका पुष्पा पटेल पति संजय पटेल 39 वर्ष का शव घर के भीतर ही पड़ा मिला, महिला के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। महिला के माता पिता नागपुर में रहते थे वह अपने ससुराल में स रह रही थी। पति से भी पुलिस ने घटना को लेकर पूछतांछ की है। महिला का 8 वर्षीय मासूम बेटे से भी पुलिस ने जानकारी ली है। संभावना है कि जल्द ही पुलिस इस पूरे मामले में हत्या करने वाले आरोपियों तक पहुंचकर वारदात का खुलसा करेगी।बाक्सपरिवार के लोगों को नहीं हुई जानकारीमंनगवा स्थित सथनी गांव में रहने वाले पटेल परिवार में पुष्पा पटेल की मौत के बाद पति भी संदेह के घेरे में है, बताया गया कि इतनी बड़ी घटना हो गई और परिवार के लोगों को जानकारी नहीं हुई। पति ने बताया कि उसे सांप ने काट लिया था, जिसके चलते वह उपचार कराने अस्पताल में था। शनिवार की सुबह पता लगा कि पत्नी की लाश घर के अंदर पड़ी हुई है। फिलहाल पूरे मामले की पुलिस गंभीरता से जांच कर आरोपियों के तलाश कर रही है। हालांकि महिला के हत्या की वजह क्या है और हत्या किसने की है यह अभी स्पष्ट नहीं है। यह भी आशंका जाहिर की जा रही है कि बीती रात चोरी के इरादे से घुसे चोरों को महिला ने देख लिया और गला दबाकर आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी हो। पुलिस ने महिला के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया है।

## उप मुख्यमंत्री पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी बैठक में हुए सम्मिलित



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को उर्रहट में भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत एवं समृद्ध भारत बनाने हेतु अपने विचार साझा किए एवं समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति से जुड़े प्रबुद्धजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को कुचलते हुए पलटी, मनगवां थाना क्षेत्र के तिवनी के पास हुआ हादसा

रीवा।



जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के तिवनी में शनिवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े दो व्यक्तियों को अपनी चपेट में लेते हुए पलट गई। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे की संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान जान चली गई। जानकारी के बाद मनगवां पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जहां रहा है कि बोलेरो चालक मनगवां बैकुंठपुर मार्ग से तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था जैसे ही बोलेरो तिवनी विद्युत सब स्टेशन के पास पहुंची चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और दिलीप शुक्ला उम्र 38 वर्ष निवासी शुकुलगवां थाना मनगवां की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे घायल को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी जान चली गई। चर्चा है कि बोलेरो सवार नशे की हालत में वाहन चला रहा था, ग्रामीणों ने तो यहां तक बताया कि पुलिस को बोलेरों के अंदर से अवैध ड्रग्स भी मिला है, फिलहाल अब मनगवां पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

## दुकान कर्मचारी ने ही रची थी 85 हजार की साइबर ठगी की साजिश

### महिला मित्र को बनाया मोहरा, मोबाइल चोरी कर बैंक खाते से निकाले रुपए

रीवा।

शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर स्थित एक फ्रूट दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ने ही अपने मालिक के खाते से 85 हजार की साइबर ठगी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने यह साजिश अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर रची और बेहद शातिराना तरीके से दुकान से मोबाइल चोरी कर रकम निकाल ली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस के मुताबिक, रामपुर नैकिन निवासी संजय गुप्ता रीवा के बजरंग नगर में उत्तम फ्रूट नाम से दुकान चलाते हैं। 18 जून की शाम करीब 6.15 बजे एक अज्ञात महिला ग्राहक बनकर दुकान पर आई और 15 नारियल मांगे। संजय नारियल काटने में व्यस्त हो गए और इसी दौरान महिला चुपचाप काउंटर के पास से उनका मोबाइल लेकर चली गई। अगले दिन जब संजय ने यूनियन बैंक के कस्टमर केयर से संपर्क कर अपने खाते की जानकारी ली, तो उन्हें बताया गया कि 19 जून की सुबह 9:07 बजे उनके खाते से 82 हजार की ट्रांजेक्शन की गई है। यह सुनते ही उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल समान थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान पुलिस को दुकान में काम करने वाले हिमांशु शिवहरे पर संदेह हुआ। तकनीकी निगरानी और साइबर सेल की सहायता से जब मोबाइल के आईएमइआई नंबर व सिम लोकेशन की जांच की गई, तो पता चला कि चोरी के मोबाइल में हिमांशु की ही सिम इस्तेमाल की गई थी। कड़ाई से पूछताछ करने पर हिमांशु ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि घटना को अंजाम देने में उसकी महिला मित्र गरिमा तिवारी ने मदद की थी। योजना के मुताबिक, गरिमा ने मोबाइल चोरी किया और हिमांशु ने अगले दिन उसी फोन का इस्तेमाल कर खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिए। गिरफ्तार हुए आरोपी हिमांशु शिवहरे (24 वर्ष), निवासी चिल्ला, थाना चिल्ला, जिला बांदा (उ.प्र.), हाल निवास – उतैली, थाना कोलगवां, जिला सतना गरिमा तिवारी (23 वर्ष), निवासी भुंडहा, थाना मनगवां, जिला रीवा के कब्जे से 44 हजार नकद और चोरी हुआ मोबाइल बरामद किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## आंचलित क्षेत्र से कार में छिपाकर शहर लाई जा रही 90 लीटर अवैध शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**रीवा**। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रीवा-बैकुंठपुर मार्ग पर घेराबंदी कर एक कार से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए वाहन सहित शराब को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी हितेन्द्र नाथ शर्मा ने बताया कि उन्हें विश्वसनीय सूचना मिली थी कि कुछ लोग वैन्यू कार के माध्यम से शराब की बड़ी खेप रीवा ला रहे हैं। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने बैकुंठपुर रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। कुछ ही देर में एक कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें छिपाकर रखी गई 11 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। बताया गया है कि जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 90 लीटर है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 45 हजार रुपये आंकी गई है। इस दौरान पकड़े गए दोनों आरोपी राजीव तिवारी उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सकरवट और अरविंद पांडे उम्र 36 वर्ष, निवासी घोचट से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे शराब की यह खेप पहाड़ क्षेत्र के पास स्थित एक दुकान से रीवा ला रहे थे। पुलिस अब इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है, जिसमें अवैध रूप से शराब उपलब्ध कराने वाले विक्रेता को भी आरोपी बनाया जाएगा।आबकारी अधिनियम के तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, बरामद वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

## किशोरी का रीवा से अपहरण, महाराष्ट्र में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रीवा।

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र से 7 जून को अपहत हुई एक किशोरी को पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी युवक ने बहला-फुसलाकर किशोरी का अपहरण किया और उसे पुणे में किराए के मकान में रखकर कथित तौर पर दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। लोकेशन पुणे में मिलने पर एक घर से बरामद किया और रीवा लेकर आई, जहां न्यायालय में बयान दर्ज कराए गए। किशोरी ने बयान में बताया कि अर्जुन कोल निवासी यासिनपूर्वी ने अगवा किया और पुणे ले जाकर बलात्कार किया। थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी अर्जुन कोल को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

## जिले में 1052154 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**रीवा** । खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 11 लाख 99 हजार 962 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इनमें से 30610 अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों द्वारा पूरी कर ली गयी है। अब तक 1052154 सदस्यों की ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि 28 जून तक जिले में 10 लाख 52 हजार 154 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 87.70 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 135374, जवा में 130443, रायपुर कर्चुलियान में 168350, रीवा में 169177, सिरमौर में 182590, त्योंथर में 124407 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 68848, नगर परिषद डभौरा में 13376, बैकुण्ठपुर में 6078, चाकघाट में 5792, गोविंदगढ़ में 7149, गुढ़ में 9072, मनगवां में 7368, सेमरिया में 8700, नगर परिषद सिरमौर में 5939 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9491 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।